हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार 7 जनवरी 2026

11 नुक्कड़ नाटक से किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक



12 वेनेजुएला पर हमले के विरोध में डोनाल्ड का पुतला फूंका



## खबर संक्षेप

### 80884 लाभार्थी ले रहे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा द्वारा समाज के वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा अन्य पात्र वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिले में 80 हजार 884 वृद्धों को सम्मान राशि सीधे बैंक खातों में प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त 8 हजार 74 दिव्यांगजनों को, 33 हजार 907 विधवाओं, 10 हजार 278 निराश्रित बच्चों को, 1488 को लाडली सुरक्षा योजना भत्ता सहित अन्य श्रेणी के पात्रों को प्रतिमाह लाभ प्रदान किया जा रहा है।

### आर्चरी खिलाड़ियों के चयन को ट्रायल 9 को

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन संभावित रूप से आगामी 20 फरवरी तक छत्तीसगढ़ राज्य के दीव में किया जाएगा। खिलाड़ियों एवं टीमों का चयन प्रथम चरण के ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। चयनित एथलीटों के नाम 20 जनवरी तक भारतीय खेल प्राधिकरण को भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य की ओर से टीम स्पोर्ट्स के अंतर्गत आर्चरी खेल के लिए खिलाड़ियों का चयन नौ जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र स्टेडियम पलवल में ट्रायल से किया जाएगा।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तियों एवं संस्थानों द्वारा किए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने व सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा प्रति वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर की जाती है। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार के लिए भारतीय नागरिक एवं भारतीय संस्थान ही पात्र हैं।

### ट्रैक्टर खरीद पर मिलेगा तीन लाख का अनुदान

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा जिले के अनुसूचित जाति के किसानों को कृषि यंत्रीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नए ट्रैक्टर की खरीद पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि निदेशालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले के पात्र अनुसूचित जाति के किसानों को 45 हॉर्स पावर से अधिक क्षमता वाले नए ट्रैक्टर की खरीद पर एसबी-89 योजना के अंतर्गत 3 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

### बराही के तालाब में गिरकर किसान की मौत


**बहादुरगढ़।** गांव बराही में तालाब में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति घूमने जाने के लिए सुबह घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। कुछ घंटे बाद गांव के तालाब से शव बरामद हुआ। पांव फिसलने से डूबकर मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। लाइनपार थाना पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। मृतक व्यक्ति की पहचान करीब 52 वर्षीय जोगेंद्र सिंह के रूप में हुई है। जोगेंद्र गांव बराही का रहने वाला था और खेतीबाड़ी करता था। परिजनों के अनुसार, मंगलवार सुबह जोगेंद्र सिंह रोजाना की तरह खेतों में घूमने के लिए गया था। संभवतः वापसी में तालाब में पांव फिसलने के कारण गिर गया।

---

### दिल्ली के स्लॉटर हाउस ले जाए जा रहे मवेशियों से भरी गाड़ी पकड़ी

# क्रूरता की हद पार : पांव बांधकर गाड़ी में ठूंसकर भरे थे 9 मवेशी, एक की मौत

- एक भैंस और आठ कटड़ों के पांव बांधकर गाड़ी में डाला गया था, एक कटड़े की जान गई
- मुक्त कराए पशुओं को बहादुरगढ़ की नंदीशाला में छोड़ा गया, दिया चारा-पानी
- पीपल फॉर एनिमल संस्था की सदस्य मीना देवी ने रोहद टोल प्लाजा पर की थी गाड़ी की जांच



**बहादुरगढ़।** तस्कर से छुड़वाए गए मवेशी नंदीशाला में चारा खाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में पशु क्रूरता का एक और मामला सामने आया है। पीपल फॉर एनिमल संस्था की एक सदस्य की सतर्कता के चलते रोहद टोल प्लाजा के निकट मवेशियों से भरी एक गाड़ी पकड़ी गई। गाड़ी में एक भैंस व आठ कटड़े ठूंस ठूंस कर भरे गए थे। उनके पांव तक बंधे हुए थे। आसौदा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मुक्त कराए पशुओं को बहादुरगढ़ की नंदीशाला में छोड़ा गया है। जांच में पता चला कि एक कटड़े की मौत हो गई है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

पीपल फॉर एनिमल संस्था की सदस्य मीना देवी का कहना है कि सोमवार रात को वह किसी काम के सिलसिले में दिल्ली जा रही थी। रोहद टोल प्लाजा के निकट पहुंची तो एक बोलेरो पिकअप गाड़ी नजर आई। उस गाड़ी में से पशुओं की मार्मिक आवाज आ रही थी। गाड़ी रुकवाकर हमने चालक से पूछा तो उसने बताया कि गाड़ी में भैंस व कटड़े हैं। जांच की तो गाड़ी में आठ कटड़े व एक भैंस थी। उनके पांव बंधे हुए थे। आरोपी ड्राइवर ने बताया कि इन पशुओं को वह गाजीपुर दिल्ली के स्लाटर हाउस में कटवाने ले जा रहा है। गाड़ी ड्राइवर के पास न तो कोई मेडिकल सर्टिफिकेट था और न ही गाड़ी में पशुओं के लिए चारे तथा पानी की व्यवस्था थी। कानूनी रूप से बोलेरो पिकअप गाड़ी में इस तरह से पशुओं को नहीं ले जाया जा सकता।

#### बागपत के आरोपी पर केस दर्ज

सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले में आवश्यक कार्रवाई के बाद पशुओं को बहादुरगढ़ स्थित नंदीशाला में छोड़ने की बात सामने आई है। पकड़े गए आरोपी चालक की पहचान नौशाद निवासी बागपत यूपी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ आसौदा थाने में पशु संरक्षक अधिकारी मीना की शिकायत पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ है। मामले में जांच जारी है।

---



**झज्जर।** प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जेजेपी कार्यकर्ता।

## जेजेपी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- हरियाणा पात्रता परीक्षा 2024 के परिणाम को लेकर जजपा ने सवाल उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा पात्रता परीक्षा 2024 के परिणाम को लेकर जजपा ने सवाल उठाए हैं। इस मामले में जजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल के नाम भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि जिस प्रकार से संदेहास्पद परिस्थितियों में परीक्षा परिणाम आए हैं और उसमें बदलाव भी किया गया है, उससे साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं दाल में कुछ काला है।

जजपा कार्यकर्ताओं ने इन परीक्षा परिणाम को लेकर लघुसचिवालय परिसर में नारेबाजी की और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। जजपा युवा विंग के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र गहलावत ने कहा कि यह अनियमितता परीक्षा की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न चिह्न लगाती है। जब एचटेट परीक्षा का परिणाम पूर्ण रूप से तैयार हो चुका था, तब उसे अचानक रिकॉल क्यों किया गया। इस दौरान हलका प्रधान मिंटू ठेकेदार, बिल्लू भदानी, राजेश महराणा, प्रवेश निमाना, सोनू, आर्यन, भविष्य पूनिया, चत्तर सिंह, सोनू लड़ायन और हर्षित सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

## प्रॉपर्टी डीलर से 18 लाख रुपये ठगने वाले दो आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

### क्रिप्टो करंसी में निवेश करके मोटा मुनाफा कमाने का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बढ़ती साइबर ठगी की वारदातों के बीच पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने क्रिप्टो करंसी में निवेश का झांसा देकर बहादुरगढ़ के एक प्रॉपर्टी डीलर के साथ 18 लाख रुपये की ठगी की थी। आरोपी जेल भेज दिए गए हैं।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी सोमबीर कुमार के अनुसार, बहादुरगढ़ के एक प्रॉपर्टी डीलर के साथ वारदात हुई थी। पीड़ित ने शिकायत में कहा था कि 14 मई 2025 को उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने क्रिप्टो करंसी में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। आरोपी के झांसे में आकर पीड़ित ने उसके बताए गए विभिन्न बैंक खातों में करीब 18 लाख रुपये जमा करवा दिए। कुछ समय बाद न तो कोई लाभ मिला और न ही आरोपी से संपर्क हो सका, जिससे ठगी का पता चला। शिकायत पर साइबर क्राइम थाना झज्जर की टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए राजस्थान से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

#### प्रलोभन से बचें

आरोपियों की पहचान महिपाल और आशीष निवासी पालड़ी, जिला सीकर राजस्थान के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अनजान कॉल, लिंक या निवेश से जुड़े किसी भी प्रलोभन से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

---

## वार्ड 12 में सवा 3 लाख से बनेगी गली

### चेयरपर्सन ने बुजुर्ग डीघराम सैनी के हाथों नारियल फोड़ करवाया शुभारंभ

- दयानंद नगर में 4.49 लाख से बनी गली का भी सरोज राठी ने उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद के माध्यम से डी प्लान के तहत वार्ड नंबर 12 के सैनीपुरा क्षेत्र की गली नंबर 3ए का निर्माण होगा। इस गली के निर्माण पर करीब 3.20 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके शुभारंभ के अलावा चेयरपर्सन सरोज राठी ने दयानंद नगर में करीब 4.49 लाख रुपये की लागत से बनी गली का भी विधिवत उद्घाटन किया।



**बहादुरगढ़।** निर्माण कार्य का शुभारंभ करती सरोज राठी व मनीषा धनखड़।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, पार्षद मनीषा धनखड़, योगेश धनखड़, राजेश तंवर, जेई आशीष, मनमोहित गुप्ता, जगमोहन, छतर सिंह, कमलेश, राजेश, मनोज, विनायक आदि मौजूद थे।

सैनीपुरा में निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने क्षेत्र के बुजुर्ग डीघराम सैनी के हाथों नारियल फोड़कर करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य तय मानकों के अनुसार समय पर पूरे किए जाएं।

---

## आसौदा में बंद मकान से आभूषण व सामान चोरी

- 21 दिसंबर को परिवार बिहार में अपने गांव गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव आसौदा की दादा बूढ़ा कॉलोनी में चोरी की वारदात हो गई। चोरों ने यहां कई दिन से बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाया और आभूषण सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सुरेंद्र झा के मकान में हुई है। सुरेंद्र झा का कहना है कि बीते 21 दिसंबर को उसका परिवार बिहार स्थित गांव में चला गया, जबकि वह दिल्ली चला गया था। पीछे से कई दिन तक मकान बंद था। इसी दौरान चोरों ने मकान को निशाना बनाते हुए वारदात कर डाली। हाल ही में एक जनवरी को वह अपने मकान पर आया तो अंदर दोनों कमरों की कुंडियां खुली हुई थीं। कमरों में सामान अस्त व्यस्त था और अलमारी भी खुली पड़ी थी। जांच करने पर कानों के झुमके, अंगूठी, पायल व एलईडी टीवी सहित अन्य सामान गायब था। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला, फिर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि सुरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आसपास सीसीटीवी चेक किए जाएंगे। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

---

## शीतलहर ने छुड़ाई कंपकंपी, न्यूनतम पारा 6 डिग्री

- जनजीवन पूर्णतया रहा प्रभावित, बाजार के कारोबार पर भी दिखा असर
- बाहरी क्षेत्रों में कोहरे के कारण वाहन चालकों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार दिनभर चली शीतलहर के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त रहा। कड़ाके की ठंड से लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर रहे। शीतलहर के कारण न्यूनतम तापमान गिरकर छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे ठिठुरन और बढ़ गई। ठंडी हवाओं ने सुबह से ही लोगों को कंपकंपी छुड़ा दी और लोग अलाव की शरण में दिखाई दिए। ठंड के कारण सड़कों पर अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजाही कम रही। मंगलवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट होने का अनुमान लगा रहे है।



**झज्जर।** ठंड से बचने के लिए अलाव तापते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

#### सुबह देरी से खुलीं दुकानें

ठंड का असर बाजार के कारोबार पर भी दिखाई दिया। सुबह के समय अधिकांश दुकानें देर से खुलीं और ग्राहकों की संख्या कम रही। व्यापारियों के अनुसार ठंड के चलते बाजार में रौनक कम रही, जिससे कारोबार प्रभावित हुआ। ग्राहक दोपहर बाद बाजार पहुंचे और सायं पांच बजे के बाद ही अपने घरों में लौट गए, जिसके कारण दिनभर कारोबार न के बराबर ही रहा।

#### बाहरी क्षेत्रों में कोहरे ने बढ़ाई परेशानी

बाहरी क्षेत्रों में घने कोहरे ने वाहन चालकों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। दृश्यता कम होने के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। वाहन चालकों ने फॉग लाइट का सहारा लिया और अपने गंतव्य पर देर से पहुंचे। जिला पुलिस द्वारा भी कोहरे के दौरान बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है।

#### सुबह और शाम सैर न करने की दी सलाह

चिकित्सकों ने बुजुर्गों, बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने, गर्म पेय पदार्थ लेने और सुबह-शाम की सैर न करने और संतुलित आहार का सेवन करने की सलाह दी है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड से फिलहाल राहत मिलने की संभावना नहीं है।

---

### स्कूल के बाहर फायरिंग करने के आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

**बहादुरगढ़।** मॉडर्न स्कूल के बाहर फायरिंग करने वाले आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि में आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस वारदात में प्रयोग किए गए हथियार व गाड़ी को बरामद करेगी। वहीं, वारदात में शामिल तीसरे आरोपी की भी तलाश की जारी है। गत शनिवार को यह वारदात हुई थी। गाड़ी में सवार होकर तीन बदमाश आए थे, जिनमें से एक ने दोनों हाथों से स्कूल के गेट पर फायरिंग की, जबकि दूसरे युवक ने उसकी वीडियो बनाई। वारदात के दौरान आरोपियों ने मॉडर्न स्कूल के मालिक राकेश के भाई योगेश उर्फ सीटू को गालियां भी दी थीं। लिहाजा उसी एंगल से पुलिस ने जांच शुरू करते हुए इंटरनेट मीडिया, सीसीटीवी फुटेज आदि के जरिये मुख्य आरोपी व उसके साथियों की पहचान की। मामले में फिलहाल फायरिंग करने वाले सतेंद्र तथा उसके साथी दीपेंद्र को गिरफ्तार कर चुकी है।

---

**सलाह** — कोबी ने बजट से पहले जीएसटी को लेकर दिए सुझाव

## जीएसटीएन पोर्टल की तकनीकी कमियां दूर करवाए सरकार : प्रवीण गर्ग

विस्तृत प्री-बजट प्रेजेंटेशन राज्य और केंद्र के जीएसटी अधिकारियों को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने आगामी बजट के मद्देनजर उद्योगों, विशेषकर एमएसएमई व मेन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रभावित कर रही व्यावहारिक जीएसटी समस्याओं को लेकर एक विस्तृत प्री-बजट प्रेजेंटेशन राज्य व केंद्र के जीएसटी अधिकारियों को सौंपी है। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग व कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बावजूद जमीनी स्तर पर उद्योगों को आज भी आईटीसी से जुड़ी अनिश्चितता, पोर्टल की तकनीकी समस्याओं, कठोर अनुपालन, विभागीय विवेकाधीन कार्रवाई, ई-वे बिल से जुड़ी दिक्कतों तथा अनावश्यक मुकदमेबाजी जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।



**बहादुरगढ़।** बजट में जीएसटी सुधारों का सुझाव देते प्रवीण गर्ग व अशोक मित्तल।

#### ई-वे प्रणाली में सुधार की जरूरत

उन्होंने बताया कि कोबी द्वारा प्रस्तुत सुझाव में जीएसटी नीति से संबंधित सुधार, जीएसटीएन पोर्टल की तकनीकी एवं कार्यात्मक कमियां दूर करने तथा जीएसटी अधिकारियों द्वारा शक्तियों के प्रयोग में पारदर्शिता व समानता सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। उनके अनुसार ईमानदार करदाताओं को विक्रेता की गलती के कारण आईटीसी से वंचित न किया जाए, जीएसटी पंजीकरण की रद्दीकरण प्रक्रिया को व्यावहारिक बनाया जाए, छोटे उद्योगों के लिए पंजीकरण सीमा बढ़ाई जाए तथा क्यूआरएमपी योजना को वास्तव में सरल बनाया जाए। इसके साथ ही ई-वे बिल प्रणाली में दंडात्मक प्रवृत्ति को समाप्त कर व्यापार-सहज दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। उद्योग सरकार के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता हैं और नीतिगत स्थिरता, भरोसेमंद कर प्रशासन तथा उद्योग–सरकार के बीच सहयोग से ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और आर्थिक विकास संभव है।

---



**बहादुरगढ़।** डीईईओ राजबाला मलिक का स्वागत करते शिक्षाविद।

## डीईईओ राजबाला मलिक का बहादुरगढ़ में किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक का बहादुरगढ़ पहुंचने पर मंगलवार को स्वागत किया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुदर्शन पूनिया, बीईओ शेर सिंह, प्राचार्य कर्मबीर तहलान, प्राचार्या मंजू देवी, एसएमसी सदस्य शिक्षाविद सतीश शर्मा व मुकेश अग्रवाल आदि ने उनका स्वागत किया। राजबाला मलिक ने कहा कि सभी के सहयोग से शिक्षा में गुणात्मक सुधार उनकी प्राथमिकता रहेगी।



# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

लाइफ Style



# तारा
## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।

हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।




# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयिा सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्विवेदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।*** *ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा शाखा व वैश्य महिला महाविद्यालय की संयुक्त टीम ने करवाया कार्यक्रम

# नुक्कड़ नाटक से किया सड़क सुरक्षा व नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक

हेलमेट पहनने सीट बेल्ट लगाने ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया



झज्जर। सड़क सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

टाउन पार्क में सड़क सुरक्षा शाखा व वैश्य महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की संयुक्त टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं को सड़क सुरक्षा, नशा विरुद्ध अभियान एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नशे के दुष्परिणामों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी अंधकार की ओर धकेल देता है। छात्राओं ने अपने सशक्त अभिनय के जरिए युवाओं से नशे से दूर रहने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर भी महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। कार्यक्रम में हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा तेज गति और लापरवाही से वाहन न चलाने की अपील की गई। सड़क सुरक्षा शाखा टीम से उप निरीक्षक सत्यप्रकाश ने बताया कि थोड़ी सी सावधानी से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। महिला सुरक्षा को लेकर उन्हें अपने अधिकारों, सुरक्षा से संबंधित कानूनों और आपात स्थिति में पुलिस सहायता लेने के तरीकों की जानकारी दी गई।

## स्वयंसेवकों ने प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा पद्धति की जानकारी ली

**झज्जर।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान मंगलवार को स्वयंसेवकों को प्राचीन गुरुकुल का भ्रमण कराया गया। स्कूल प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने स्वयंसेवकों को कार्यक्रम अधिकारी सुनील गुलिया व शालू के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां पहुंचकर स्वयंसेवकों ने गुरुकुल परिसर स्थित पुरातत्व संग्रहालय एवं औषधालय का भ्रमण किया। उन्होंने संग्रहालय में रखे प्राचीन सिक्के, वहां रखी दुलर्भ वस्तुओं बारे जानकारी हासिल की। इस भ्रमण से स्वयंसेवकों को प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा पद्धति को भी नजदीक से जानने का अवसर मिला। सांय कालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया। इस मौके पर शिक्षक आशीष, नरेश, रविंद्र, सरिता, सुनीता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण शिविर में एचडी स्कूल के होनहारों का शानदार प्रदर्शन

**झज्जर।** पाइनवुड इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद में आयोजित हरियाणा नेवल यूनिट एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में एचडी साल्हावास के विद्यार्थी भी भागीदारी करते हुए अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर रहे हैं। सीटीओ महेंद्र कुमार ने बताया कि आगामी 12 जनवरी तक चलने वाले इस ट्रेनिंग कैंप में विद्यार्थियों को एकता, अनुशासन और देशभक्ति के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कमांडेंट ऑफिसर विक्रम सेगत के नेतृत्व में कैडेट्स शूटिंग, रस्साकशी, दौड़, मॉक ड्रिल, परेड आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## न्यूज डायरी



### श्रम कल्याण बोर्ड का पोर्टल खोलने की मांग

**झज्जर।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा मंगलवार को अपने श्रम कल्याण बोर्ड का पोर्टल बंद होने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सुहाग की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजा। जिला मंत्री धीरज जाखड़ ने बताया कि पिछले करीब 8 माह से श्रम कल्याण बोर्ड का पोर्टल बंद है, जिसके कारण बहुत से श्रमिक लाभ लेने से वंचित है। पोर्टल बंद होने के कारण श्रमिकों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा वर्ष 2020 से पहले जो मजदूर रजिस्टर्ड थे उनका भी लाभ रोक दिया गया है, जिस कारण श्रमिकों में रोष व्याप्त है। यदि सरकार द्वारा श्रम कल्याण बोर्ड का पोर्टल जल्द नहीं खोला गया तो प्रदेश स्तर पर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत श्रमिकों ने एसडीएम अंकित चौकसे को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश पब्लिक हेल्थ उपाध्यक्ष सुमित राठी, भवन निर्माण श्रमिक संघ से सागर सिन्हा, रीना सिन्हा, बीरमति, कामिनी, उषा राठी, सविता, अनीता, रेखा, संजीत, दिलबाग सिंह, सुमित, सुशील कुमार, विवेक कुमार, प्रवीन कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

**झज्जर।** स्थानीय बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग ब्रेक का आयोजन किया गया। योगाचार्य गीता तथा योगाचार्य प्रदीप कुमार द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान अभ्यास कराए गए। योगाचार्यों ने योग के माध्यम से मानसिक एकाग्रता, शारीरिक स्फूर्ति एवं कार्य क्षमता में वृद्धि पर विस्तार से प्रकाश डाला। बीडीपीओ राजाराम ने बताया कि नियमित योग अभ्यास से कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण बनता है तथा कर्मचारियों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### झगड़े में परिवार पर लाठी और तलवार से हमला

**बहादुरगढ़।** गांव बराही में आपसी रंजिश के चलते एक परिवार पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। एक परिवार के तीन सदस्यों पर तलवार व लाठी से प्रहार किए गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लाइनपार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन कर दी है। बराही के निवासी सुरेंद्र का कहना है कि गांव के निवासी दो सगे भाइयों ने गत 3 जनवरी को पहले मेरी पत्नी व भाई के साथ मारपीट की, जिसमें पत्नी को गंभीर चोटें आईं। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिर चार जनवरी की सुबह जब मैं अपने घर से पिता के पास जा रहा था, तभी दोनों आरोपियों व उनके परिवार की दो महिलाओं ने मुझ पर तेजधार तलवार से हमला कर दिया। हमले के दौरान एक युवक ने मेरे सिर पर लाठी से वार किया, जिससे गंभीर चोटें आईं। सुरेंद्र का कहना है कि आरोपियों से उसे लगातार जान का खतरा बना हुआ है। उसने घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी और पुलिस को शिकायत देकर जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### बैंक कर्मियों का जिला स्तरीय सांकेतिक प्रदर्शन कल

**झज्जर।** हरियाणा सरकार द्वारा अनुबंधित कर्मचारियों के लिए लागू किए गए सिक्योर इम्प्लाई पोर्टल को लेकर सहकारी बैंकों में कार्यरत कर्मचारियों



के बीच चर्चा और मंथन का दौर तेज हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि नई व्यवस्था से जुड़े कई पहलुओं को लेकर स्पष्टता आवश्यक है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति न बने। वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ के जिला संयोजक लोकेश शर्मा ने बताया कि वीरवार को दी झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड लघु सचिवालय परिसर में जिला स्तरीय सांकेतिक प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जिसमें संघ के प्रदेश पदाधिकारी भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि झज्जर जिले के सभी सहकारी बैंकों में कार्यरत कर्मचारी इस दौरान बैंक के महाप्रबंधक के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग हरियाणा को एक ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के जरिए सिक्योर इम्प्लाई पोर्टल से संबंधित कर्मचारियों की शंकाओं, सुझावों और अपेक्षाओं से सरकार को अवगत कराया जाएगा।

### आईटीआई में कल लगेगा रोजगार मेला

**रोहतक।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आठ जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला राजकीय आईटीआई एवं सैनिक परिवार भवन के निकट स्थित कॉम्प्लेक्स, रोहतक में सुबह 10 बजे आयोजित होगा। इस मेले में फरीदाबाद-बल्लभगढ़ की प्रतिष्ठित कंपनी जेसीबी इंडिया लिमिटेड भाग लेगी, जो लगभग 100 बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से आईटीआई रोहतक पहुंच रही है। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 22,050 रुपये प्रतिमाह वेतन के साथ स्वास्थ्य बीमा, वर्ष में दो बार वर्दी, जूते, रियायती दरों पर भोजन, चाय एवं रिफ्रेशमेंट जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। रोजगार मेले में फिटर, मशीनिस्ट, मशीनिस्ट ग्राइंडर, डीजल मैकेनिक, मैकेनिक मोटर व्हीकल एवं ट्रैक्टर मैकेनिक ट्रेड से पासआउट छात्र भाग ले सकते हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य राजपाल सिंधु ने बताया कि अभ्यर्थियों को बायोडाटा, सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, फैमिली आईडी तथा बैंक पासबुक की फोटोप्रति के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि निदेशालय के निर्देशानुसार ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन प्रत्येक माह दो बार किया जाता है।

# छारा बाईपास पर दो युवकों ने बेरी फ्लाईओवर के नीचे ट्रैक्टर-डंपर छीना

- गांव खरहर के निवासी धर्म सिंह दो माह से चला रहा है ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छारा बाईपास पर बेरी फ्लाईओवर के नीचे ट्रैक्टर-डंपर छीने जाने का मामला सामने आया है। छारा के ही दो युवकों पर यह आरोप है। पीड़ित की शिकायत पर मांडौठी चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव छारा के निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास एक ट्रैक्टर है, जिससे वे मिट्टी डालने का काम करते हैं। पिछले करीब दो माह से गांव खरहर के निवासी धर्म सिंह को ट्रैक्टर चालक के रूप में रखा हुआ है। मंगलवार को चालक धर्मसिंह ट्रैक्टर-डंपर में मिट्टी भरकर गांव छारा निवासी श्यामे फौजी के घेर में चक्कर लगा चुका था और दूसरा चक्कर लेने के लिए जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे जब चालक छारा बाईपास पर बेरी फ्लाई ओवर के नीचे पहुंचा, तभी गांव छारा निवासी संदीप अचानक ट्रैक्टर के सामने आकर खड़ा हो गया। इसी दौरान भोलू नामक युवक भी मोटरसाइकिल पर वहां पहुंच गया। आरोप है कि संदीप और भोलू ने चालक से जबरदस्ती ट्रैक्टर-डंपर छीन लिया और उसे लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना चालक ने तुरंत ट्रैक्टर मालिक को दी, जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। मांडौठी चौकी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है समाज में भाईचारा और सौहार्द : डॉ. राजश्री

भगवान शिव की आराधना कर शांति की कामना की

- पुलिस लाइन परिसर में शिव मूर्ति स्थापना दिवस पर हवन में डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। हवन में आहुति डालते हुए डॉक्टर राजश्री सिंह एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय पुलिस लाइन परिसर में शिव मूर्ति स्थापना दिवस पर हवन किया गया। जिसमें भगवान शिव की आराधना करते हुए सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। हवन कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह सहित विभाग की महिला कर्मचारी, पुलिस कर्मी, उनके परिजनों और आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया और धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाया। इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। हवन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस दौरान डीसीपी जसलीन कौर सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट जज बनीं नीरजा कुलवंत, जिला बार एसो. ने समारोह में सम्मानित किया

- एक युवा वकील ने पैर छुकर आशीर्वाद मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




रोहतक। हरियाणा हाईकोर्ट की जज बनने पर नीरजा कुलवंत कलसन को स्मृति चिन्ह भेंट करते जिला प्रशासन और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

रोहतक की सेशन जज से हरियाणा हाईकोर्ट की जज बनीं नीरजा कुलवंत कलसन के सम्मान में जिला बार एसोसिएशन की ओर से भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन और बार एसो.के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कई भावुक और रोचक पल देखने को मिले, जिनमें सबसे खास रहा एक युवा वकील द्वारा जज के पैर छुकर सुप्रीम कोर्ट का वकील बनने का आशीर्वाद मांगना। सम्मान समारोह में मंच संभालते ही हाईकोर्ट जज नीरजा कुलवंत कलसन भावुक नजर आईं। उन्होंने अपने रोहतक कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि जब उन्हें रोहतक में सेशन जज के रूप में पोस्टिंग मिली थी तो कई लोगों ने रोहतक को लेकर तरह-तरह की बातें कीं। कलसन ने कहा कि रोहतक में करीब ढाई से तीन साल काम किया।

# लूट की वारदात में फरार चल रहा पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

- पिस्तौल के बल पर युवक से पर्स व मोबाइल लूटने का मामला, साढ़े पांच महीने बाद आरोपी को दबोचा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

### इ्यूटी से लौटते समय हुई थी लूट की वारदात

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 28 जुलाई को तरुण अपनी ड्यूटी समाप्त कर ओला इलेक्ट्रिक से वापस अपने घर हसनगढ़ लौट रहा था। जब वह बाबा हरिदास मंदिर, हसनगढ़ रोड के पास पहुंचा, तभी पीछे से आई एक गाड़ी ने ओवरटेक करते हुए अचानक उसके आगे गाड़ी अड़ा दी। इसके बाद गाड़ी से तीन युवक नीचे उतरे। युवकों ने पिस्तौल दिखाकर तरुण को डरा-धमकाया और उसका पर्स छीन लिया। पर्स में करीब तीन हजार रुपये नकद और अन्य जरूरी निजी कागजात मौजूद थे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने तरुण का मोबाइल फोन भी छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चारों युवक गाड़ी में बैठकर मौके से फरार हो गए।

लूट की एक सनसनीखेज वारदात में लंबे समय से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी जिला पुलिस द्वारा घोषित इनामी था और साढ़े पांच महीने से गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की गहनता से जांच जारी है। प्रभारी थाना सांपला उप-निरीक्षक पंकज ने बताया कि हसनगढ़ निवासी तरुण की शिकायत के आधार पर थाना सांपला में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत में पीड़ित ने बताया था कि वह दिल्ली में नौकरी करता है और रोजाना ओला इलेक्ट्रिक वाहन से अपने घर से ड्यूटी पर आता-जाता है।

## राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल की टीम ने स्टार्टअप महोत्सव में भाग लिया

# जलकुंभी के सूखे रेशों से उपयोगी व आकर्षक वस्तुएं बनाई

कुशल बिजनेस चैलेंज में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर




झज्जर। कुशल बिजनेस चैलेंज के दौरान मंच पर उपस्थित छात्राएं व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला की टीम ने राज्य स्तरीय कुशल बिजनेस चैलेंज के अंतर्गत युवा स्टार्टअप महोत्सव में भाग लिया। प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित स्टेट लेवल कुशल बिजनेस चैलेंज की समिट में युवा स्टार्टअप महोत्सव अलग-अलग जिलों के विद्यालयों से आई कुल 66 टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों के कुशल बिजनेस चैलेंज प्रदर्शनी के अंतर्गत अलग-अलग विषय दिए गए। उनकी टीम में शामिल छात्रा प्रियंका, महक, तमन्ना, मनीषा व स्नेहा ने जलकुंभीः समस्या से रोजगार की ओर विषय पर काम करते हुए जलकुंभी के सूखे रेशों से पेन स्टैंड, सामान रखने के लिए टोकरी, खिलौने, थैले आदि उपयोगी व आकर्षक वस्तुएं बनाई। महोत्सव के मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने भी उनकी टीम की सराहना की। टीम की तैयारी कराने वाले शिक्षक विजय कुमार व योगिता सिंगला बताया कि मुख्यातिथि ने महोत्सव में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों का हौसला बढ़ाया तथा इस प्रोजेक्ट को बड़े स्तर पर विकसित करने का सुझाव दिया।

# घोषणा के तीन साल बाद भी लिवर ट्रांसप्लांट को नहीं मिला विशेषज्ञ

- लोगों को जाना पड़ रहा चंडीगढ़ और दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

### दोबारा विज्ञापन हो चुके जारी

एक बार पीजीआई को लिवर ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टर मिल गया था। लेकिन कुछ माह के बाद ही डॉक्टर ने इस्तीफा दे दिया और कहीं ओर ज्वाइन कर लिया। उसके बाद से लेकर अब तक डॉक्टर की ही तलाश चल रही है। पीजीआईएमएस में सर्जरी विभाग, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, मॉड्यूलर ओटी व एक्सपर्ट स्टाफ जैसी सभी सुविधाएं हैं। यहां बस ट्रांसप्लांट के लिए सर्जन नहीं हैं।

### नहीं मिल रहे डॉक्टर

अभी पीजीआईएमस में लिवर ट्रांसप्लांट शुरू नहीं किया जा सकता। इसके लिए वरिष्ठ चिकित्सकों की कमी है। जब चिकित्सक मिल जाएंगे, तभी यह कार्य शुरू हो पाएगा।

- डॉ वरुण , पीआरओ पीजीआईएमएस रोहतक

तीन साल पहले की गई घोषणा के बाद भी पीजीआईएमएस में लिवर ट्रांसप्लांट होना सपना ही बना हुआ है। यह कार्य शुरू करने के लिए पीजीआई स्तर पर कई बार प्रयास किए गए। एक बार वरिष्ठ चिकित्सक भी मिल गया और भवन तैयार किया गया, लेकिन कुछ माह बाद ही चिकित्सक नौकरी छोड़कर चले गए। इसके बाद नए सिरे से चिकित्सक और स्टाफ की तलाश की जा रही है। ऐसे में लिवर ट्रांसप्लांट के लिए सर्जन नहीं हैं और जरूरतमंद लोगों को इसके लिए चंडीगढ़ और दिल्ली जाना पड़ रहा है। अब पीजीआई को दोबारा उम्मीद है कि इस वर्ष लिवर ट्रांसप्लांट शुरू किया जाएगा। पीजीआईएमएस रोहतक हरियाणा का इकलौता पीजीआई है, जहां यमुनानगर से लेकर सिरसा डबवाली, रेवाड़ी तक दूर दूर के मरीज उपचार करवाने के लिए आते हैं।

## अमेरिका का लक्ष्य अन्य देशों के तेल संसाधनों को लूटना : मांडौठी

# वेनेजुएला पर हमले के विरोध में राष्ट्रपति डोनाल्ड का पुतला फूंका

**सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। अमेरिका के विरोध में प्रदर्शन करते एसयूसीआई (क) के कार्यकर्ता व समर्थक। फोटो: हरिभूमि

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मंगलवार को शहर के रोहतक रोड पर अमेरिकी साम्राज्यवादियों द्वारा वेनेजुएला पर किए गए सैन्य हमले और वहां के राष्ट्रपति को अगवा करने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंकते हुए इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की।

एसयूसीआई (क) के राज्य कमेटी सदस्य जयकरण मांडौठी ने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवादियों द्वारा वेनेजुएला पर नहीं, बल्कि पूरे लैटिन अमेरिक पर हमला है। इसका उद्देश्य वहां के देशों को बल प्रयोग के जरिए अपने अधीन करके उन देशों के तेल (पेट्रोलियम) आदि संसाधनों को लूटना है। वे सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों की अनदेखी करते हुए कई अन्य देशों को धमकी दे रहे हैं। एक निर्वाचित राष्ट्रपति पर झूठे आरोप लगाकर उनको किडनैप करना दादागिरी है। जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने बताया कि अमरीका लंबे समय से दबाव बनाकर अपने हित साधता रहा है।

वेनेजुएला पर किया गया हमला उसी साम्राज्यवादी नीति का हिस्सा है। ऐसी कार्रवाइयों से दुनिया में अशांति और युद्ध का खतरा बढ़ता है। जिला कमेटी सदस्य सतबीर सिंह, सतीश कुमार और लालजी ने सभी साम्राज्यवाद विरोधी, युद्ध विरोधी और शांतिप्रिय लोगों से इस जघन्य हमले के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की।

प्रदर्शन में जिले सिंह, राजबीर सिंह छिल्लर, सोनिया, संजीवन, मंगल सिंह, लवली, सोनाली, पूजा, अनु कटारिया, साहिल, सोमबीर व रजत आदि ने अमेरिका का विरोध किया।


बहादुरगढ़। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश देते डीसीपी मयंक मिश्रा। फोटो: हरिभूमि

# थाने में आए फरियादियों से संवेदना दिखाएं पुलिस अधिकारी : डीसीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

**डीसीपी ने किया सदर थाने का औचक निरीक्षण**

डीसीपी बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा ने थाना सदर बहादुरगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य थाना व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना, कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाना तथा आम नागरिकों को बेहतर, संवेदनशील व पारदर्शी पुलिस सेवा सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, भवन व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने कार्यालय कक्षों, हवालात, पुलिस बैरक सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण कर परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और नागरिकों के अनुकूल बनाए रखने के निर्देश दिए। कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए डीसीपी ने क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए गश्त, पेट्रोलिंग और नाकाबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय जरूरी है।

डीसीपी मयंक मिश्रा ने थाने में आने वाले फरियादियों के साथ पुलिस व्यवहार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात सम्मानपूर्वक सुनी जाए और कानून के दायरे में रहते हुए उसे हरसंभव सहायता दी जाए। जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है और इसे बनाए रखना हर पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान पुलिस स्टाफ की ड्यूटी, अनुशासन, वर्दी और कार्यशैली का भी अवलोकन किया गया। डीसीपी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा, विश्वास और सहयोग का वातावरण तैयार करना भी है।

# स्वयंसेवकों को समझाए प्राथमिक चिकित्सा के गुर

**राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस का छठा दिन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कैंप के दौरान डॉ. अजय जैन के साथ स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर के छठे दिन भी विविध गतिविधियां हुईं। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक और मिशन हॉस्पिटल के संचालक अजय जैन ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया और मार्गदर्शन दिया।

डीईईओ राजबाला मलिक ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अजय जैन ने प्राथमिक चिकित्सा के महत्व के साथ ही उपयोगी तरीके समझाए। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में इसकी मदद से हम किसी की जान बचा सकते हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक और प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाली हानियों को लेकर भी उन्होंने स्वयंसेवकों को जागरूक किया। स्वयंसेवक जतिन ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे बहुत ही संवेदनशील मुददे कविता सुनाई। राधिका ने राष्ट्रीय सेवा योजना पर आधारित एक बहुत ही विचारणीय कविता का पाठ किया। डिंपल ने नृत्य करके हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने की अपील की।

बीईओ शेर सिंह ने मुख्य अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित किया। साथ ही स्वयंसेवकों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें सक्रिय रूप से रचनात्मक काम करके समाज के लिए एक मिसाल पैदा करनी चाहिए। मंच का संचालन कोमल गौतम द्वारा किया गया। पारुल शर्मा और दीप्ति वर्मा ने उनका सहयोग किया। स्कूल प्रधानाचार्य मंजू रानी और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राकेश वत्स ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर राजेश कुमार, अशोक कुमार, मुकेश अग्रवाल व रोशन लाल आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने टांडाहेड़ी की महिला की समस्या हल कर दिलाई राहत

**जनसमस्याओं को लेकर संवेदनशील है प्रशासन : एसडीएम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। एसडीएम अभिनव सिवाच का धन्यवाद करती टांडाहेड़ी निवासी चाहना देवी। फोटो: हरिभूमि

एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में उन्होंने गांव टांडाहेड़ी निवासी चाहना देवी के वारिसान तस्दीक से जुड़े कार्य का निपटान करते हुए राहत दिलाई।

एसडीएम ने बताया कि गांव टाडाहेड़ी निवासी बिजेंद्र सिंह दिल्ली एमसीडी में ड्राइवर के पद पर कार्यरत थे। लगभग 52 वर्ष की आयु में बीमारी के कारण उनका निधन हो गया था। पति के निधन के बाद दिल्ली एमसीडी द्वारा वारिसान तस्दीक उपरांत दस्तावेज की डिमांड की गई थी। एसडीएम ने उनकी समस्या का न केवल अपने कार्यालय के स्तर पर तत्काल समाधान किया, बल्कि दिल्ली के एमसीडी अधिकारियों से भी फोन पर संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई जल्दी पूरी करने का अनुरोध किया। आईएएस अभिनव सिवाच ने कहा कि समाधान शिविर सहित अन्य कार्य दिवसों में कार्यालय आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुनना और समयबद्ध समाधान करना प्रशासन का दायित्व है। उपमंडल स्तर पर कार्यरत सभी सरकारी कार्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि नागरिकों की समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से करें। नागरिकों को सही मार्गदर्शन करें, टालमटोल का रवैया नहीं चलेगा। प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।

## छारा में तीसरी बार निरस्त हुई ग्राम सभा

**■ ग्रामीणों का आरोप- अधिकारियों ने समस्याओं पर नहीं की सुनवाई**

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को छारा गांव की चौधरी वाली चौपाल में तीसरी ग्राम सभा का आयोजन होना था। लेकिन अधिकारियों के देरी से आने तथा ग्रामीणों की समस्याओं में दिलचस्पी नहीं दिखाने के कारण बैठक नहीं हो पाई। इससे पहले भी दो ग्राम सभा भी निरस्त हो चुकी हैं। दरअसल, मीटिंग का समय सुबह 10 बजे तय हुआ था, लेकिन अधिकारी 11 बजकर 20 मिनट पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जब अपनी समस्याएं उनके समझा रखी तो अधिकारी असमर्थता जताते नजर आएं। ग्रामीण पेंशन कटने, गांव में विकास कार्य नहीं होने, पानी की निकासी नहीं होने, सफाई व्यवस्था चौपट रहने व सफाई कर्मचारियों की कमी जैसी समस्याओं से तंग नजर आए। लेकिन अधिकारियों ने उनकी परेशानी सुनने और समाधान करने की बजाय ग्राम सभा को निरस्त कर दिया। पंचायत सदस्य मास्टर अनिल दलाल ने बताया कि अधिकारी बिना कोई जवाब दिए बैठक रद करके चले गए। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। वे जल्द ही इसकी शिकायत उपायुक्त से करेंगे। दीपक दलाल ने भी इस रवैये पर नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसी ग्राम सभा ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। पंच विनोद, अमित, प्रवीण, मास्टर रोहतास, सुरेंद्र, बल्लू, लीला व संतोष आदि ने अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी व्यक्त की।


बहादुरगढ़। ग्रामीणों को विकास कार्यों की जानकारी देते विधायक राजेश जून। फोटो: हरिभूमि

# विधायक ने जसौर खेड़ी में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

**राजेश जून ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए विकास कार्यों की जानकारी दी**

गांव जसौर खेड़ी में विधायक राजेश जून ने जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्रामवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने बीते एक वर्ष में गांव में कराए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।

जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक राजेश जून ने कहा कि जनसंपर्क अभियान में वे अब तक हुए विकास कार्यों की जानकारी दे रहे हैं और शेष समस्याओं को जानकर उनके समाधान का प्रयास कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल योजनाएं लाना ही नहीं, बल्कि जनता से निरंतर संवाद बनाए रखना भी है। सीएम नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से बहादुरगढ़ को विकास की नई दिशा मिली है। पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में सीएम ने विकास से जुड़ी सभी मांगें तुरंत स्वीकृति की।

## एग्रीस्टैक फार्मर आईडी से किसानों को मिलेगा योजनाओं का लाभः अहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बनवाएं, क्योंकि भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ इसी आईडी के माध्यम से मिलेगा।

राम अहलावत ने बताया कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी किसानों की पहचान को सुरक्षित करने के साथ उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने का माध्यम है। गांवों में सीपीएलओ और प्रशिक्षणाधीन पटवारियों की सहायता से फार्मर आईडी बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। भविष्य में बैंक ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल क्षतिपूर्ति, खाद-बीज वितरण और कृषि अनुदान से जुड़ी योजनाओं का लाभ फार्मर आईडी के आधार पर ही दिया जाएगा। ऐसे में प्रत्येक किसान के लिए यह आईडी अनिवार्य हो गई है। किसान स्वयं हरियाणा फार्मर रजिस्ट्रेशन पोर्टल के माध्यम से एग्रीस्टैक फार्मर आईडी के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। इसके तहत ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर भूमि से संबंधित विवरण अपलोड करने होंगे। मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन के बाद फार्मर आईडी जारी हो जाती है। इसके अलावा नजदीकी सीएससी सेंटर से भी यह सुविधा उपलब्ध है।

## एचएल सिटी में भंडारे में छका प्रसाद

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी में मंगलवार को फव्वारा चौक पर हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन ओमप्रकाश राठी द्वारा किया गया। भंडारे में विधायक राजेश जून, पूर्व विधायक राजेंद्र जून, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी, प्रो. चरण सिंह, विनोद शौकीन, प्रवीण गहलावत, प्रिंसिपल सुरबाला, पार्षद भीम सिंह प्रणामी, कुलबीर नंबरदार, नीरज वत्स, सीए सचिन दीक्षित, डीपी दहिया, मंजीत गहलावत समेत असंख्य श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देवओम ग्रुप के मनोज राठी व नवीन राठी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दें शिक्षक : पुनिया

**राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राथमिक शिक्षकों का खंडस्तरीय प्रशिक्षण शुरू**

■ निपुण हरियाणा मिशन के तहत बहादुरगढ़ खंड में 5 बैचों में 204 शिक्षक ले रहे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन डीईईओ के साथ प्राथमिक शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को बहादुरगढ़ के राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आरंभ हो गया। बहादुरगढ़ खंड में 5 बैचों में 204 शिक्षक रिमेडियल टीचिंग, फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी तथा सेंसस असेसमेंट पर केंद्रित इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।

बहादुरगढ़ खंड का प्रशिक्षण उद्घाटन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक, खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह व जिला निपुण समन्वयक डॉ. सुदर्शन पुनिया ने किया। डॉ. सुदर्शन पुनिया ने बताया कि निपुण मिशन का यह प्रशिक्षण शिक्षकों में दक्षता वृद्धि के साथ-साथ विद्यार्थियों की अधिगम स्तर की उपलब्धियों को सुधारने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को ऐसे विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए जो कक्षा स्तर की दक्षताओं तक पहुंचने में पिछड़ रहे हैं तथा इसके कारणों की पहचान करके उन पर कार्य करना चाहिए।

डीईईओ राजबाला मलिक ने शिक्षकों से कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र की नींव मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त कौशल और नई शिक्षण विधियों को अपने विद्यालयों में क्रियान्वित करें ताकि हर विद्यार्थी निपुण बन सकें। एफएलएन जैसी कार्यशालाएं हमारे कौशल को विकसित करने में मदद करती हैं। उन्होंने बताया कि निःसन्देह पुरानी शिक्षण विधियों का समय के साथ नवीनीकरण करने की आवश्यकता होती है। यह कार्यशाला अवश्य ही इस दिशा में लाभदायक साबित होगी।

बीईओ शेर सिंह ने कहा कि शिक्षकों को अपने पारंपरिक शिक्षण तरीकों को आधुनिक एवं निपुण मिशन के अनुरूप कौशलों से सशक्त बनाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि हमे बच्चों के स्तर पर आकर ही उन्हें पढाना चाहिए और प्राथमिक कक्षाएं ही बच्चे के भविष्य की नींव मजबूत करती है इसलिए सभी को बच्चों की नीव मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। प्रशिक्षण में खंड निपुण समन्वयक सरिता सरोहा, प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी प्राचार्य कर्मबीर तहलान, प्राचार्या मंजू रानी, डाइट से मुकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


झज्जर। शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान व अनुभव को कक्षाओं में लागू करें शिक्षक : राजबाला

**झज्जर।** शिक्षण गुणवत्ता में सुधार एवं निपुण हरियाणा मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले के खंड झज्जर व बेरी में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हो गई। कार्यशाला में जिले के साथ-साथ अन्य जिलों से भी अध्यापकों ने भाग लिया। समापन सत्र में प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक एवं जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर शुदर्शन पूनिया ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी एवं सीखने की भावना की सराहना की। राजबाला मलिक ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से प्राप्त ज्ञान व अनुभव को विद्यालय स्तर पर कक्षा-कक्षा में लागू किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान में ठोस सुधार हो सके। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे सीखने को निरंतर प्रक्रिया बनाएं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचारों को अपनाएं। डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन तभी पूर्णतः सफल होगा जब प्रत्येक अधिकारी और शिक्षक अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयासों से परिवर्तन की शुरुआत करें। उन्होंने कहा कि सीखना केवल कार्यशालाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि विद्यालयों में उसका व्यवहारिक रूप से क्रियान्वयन ही हमारी सच्ची उपलब्धि होगी। इसी प्रकार बेरी खंड में प्रमाण पत्र वितरण कार्य खंड शिक्षा अधिकारी सुंदरलाल व खंड निपुण समन्वयक देवना और सरिता द्वारा किया गया। इस मौके पर खंड निपुण कोर्डिनेटर मीना, बीआरपी एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी भूप सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।